समाचार विज्ञपति

K-12 छात्रों के लिए विंटर ब्रेक को बढ़ाया गया

30 दिसंबर, 2021

स्कूल में एक सफल वापसी का समर्थन करने और अतिरिक्त नियोजन समय प्रदान करने के लिए, किंडरगार्टन से कक्षा 12 की विंटर ब्रेक को पूरे प्रांत में 10 जनवरी तक बढ़ाया जाएगा।

बढ़ाई गई ब्रेक वर्तमान कोविड-19 स्थिति के स्टाफिंग पर प्रभावों और संभावित परिचालन प्रभावों का आकलन करने के लिए स्कूल अधिकारियों को अतिरिक्त डेटा एकत्र करने का समय देगी।

कक्षाओं में सुरक्षित वापसी में सहायता के लिए, अल्बर्टा हेल्थ एंड म्यूनिसिपल अफेयर्स की पीपीई टास्क फोर्स 10 जनवरी के सप्ताह से स्कूलों में 8.6 मिलियन रैपिड टेस्ट और 16.5 मिलियन मास्क भी वितरित करेगी।

हाई स्कूल के उन छात्रों का समर्थन करने के लिए जिनकी शिक्षा इस विस्तार से बाधित हुई है, जनवरी डिप्लोमा परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। अप्रैल और जून की डिप्लोमा परीक्षाओं के संबंध में 2022 में बाद में निर्णय लिया जाएगा।

"कोविड की स्थिति तेजी से बदल रही है, इसलिए हमारी प्रतिक्रिया भी ऐसी होनी चाहिए। यह विराम शिक्षकों, स्कूल प्रशासकों और स्कूल अधिकारियों को छात्रों के लिए सुरक्षित रूप से सीखने के लिए योजना बनाने के लिए अधिक समय देगा। बहुत ही चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में, मैं माता-पिता, छात्रों, शिक्षकों और शिक्षा भागीदारों की बहुत आभारी हूं क्योंकि उन्होंने महामारी के दौरान लचीलेपन से काम किया।"

एड्रियाना लाग्रेंज, शिक्षा मंत्री

स्कूल के अधिकारी बढ़ी हुई छात्र विंटर ब्रेक का उपयोग संभावित इन-पर्सन और घर पर सीखने के परिदृश्यों की तैयारी के लिए करेंगे, जैसा कि उन्होंने पहले महामारी के दौरान किया है। स्कूल के अधिकारियों और अभिभावकों की सहायता के लिए सूचना और मार्गदर्शन alberta.ca/returntoschool पर उपलब्ध है।

इस बदलाव के साथ, हम शिक्षा हितधारकों की चिंताओं का जवाब दे रहे हैं और अल्बर्टा को कैनेडा के अन्य प्रांतों के साथ एकसार कर रहे हैं। एक विराम स्कूल अधिकारियों को परीक्षण और संपर्क अधिसूचना में बदलाव की योजना बनाने में भी मदद करेगा।

रैपिड टेस्ट वितरण पूरी शिक्षा प्रणाली में प्रत्येक छात्र और स्टाफ सदस्य को दो पांच-टेस्ट किट प्रदान करने के लिए पर्याप्त रैपिड टेस्टों की पेशकश करेगा। वितरण को अंतिम रूप दिया जा रहा है और अगले सप्ताह अधिक जानकारी साझा की जाएगी।

चरणबद्ध पहुँच के माध्यम से छात्रों और स्कूल के कर्मचारियों को स्कूलों के माध्यम से मेडिकल-ग्रेड मास्क भी वितरित किए जाएंगे। पूरी तरह से वितरित होने पर, कर्मचारियों और छात्रों को आठ सप्ताह की सप्लाई प्राप्त होगी। बच्चों और वयस्कों के मेडिकल-ग्रेड मास्क वितरण दोनों को म्युनिस्पल मामलों के पीपीई टास्क फोर्स के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से समन्वित किया जाएगा और अगले सप्ताह अधिक जानकारी भी साझा की जाएगी।

10 जनवरी से छात्र कक्षा में सीखेंगे या घर पर, से संबंधित अगले चरणों के बारे में अधिक जानकारी अगले सप्ताह के अंत में दी जाएगी। निर्णय स्कूल अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई परिचालन जानकारी, केस जानकारी और अन्य उपलब्ध स्वास्थ्य डेटा का उपयोग करके साक्ष्य-आधारित होगा।

संबंधित जानकारी

- इस स्कूल वर्ष में सुरक्षित और स्वस्थ रहना

मल्टीमीडिया

- समाचार सम्मेलन देखें
- समाचार सम्मेलन सुनें (कार्यक्रम के बाद उपलब्ध)

मीडिया पूछताछ

निकोल स्पैरो (Nicole Sparrow)

780-720-1915
प्रेस सचिव, शिक्षा